# कार्यालय: राँची नगर निगम, राँची।

(अभियंत्रण शाखा)

कचहरी रोड, रांची, पिन – 834001

e mail : support@ranchimunicipal.com


पत्रांक :– 383/EE                                                                 दिनांक :– 06/03/2023

## निविदा आमंत्रण सूचना

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राँची नगर निगम, राँची ।
2. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 28/03/2023 को 01:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 28/03/2023 को 03:30 बजे अपराह्न के बाद।
4. परिमाण विपत्र Download की तिथि :– 15/03/2023 से 27/03/2023 15/03/2023 तक।
5. निविदा प्राप्ति का स्थान :– सीटी कन्ट्रोल कक्ष, कचहरी, राँची।

| क्रमांक | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि (कार्यादश की तिथि से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 05 | परवेज कोलोनी किशुनपुर में पी0 सी0 सी0 पथ का निर्माण कार्य। | 348976 | 7000 | 1000 | 45 दिन |
| 02 | 12 | मौलाना आजाद कोलोनी मे गली नं0–05 तक एवं फेमस मेडिकल के पास आर0 सी0 सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 603448 | 12100 | 5000 | 60 दिन |
| 03 | 14 | भट्टी कोचा अपर चुटिया में मीरा देवी के घर से गोपाल साहु के घर तक आर0 सी0 सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 184748 | 3700 | 1000 | 45 दिन |
| 04 | 14 | भट्टी कोचा अपर चुटिया मे मीरा देवी के घर से गोपाल साहु के घर तक पी0 सी0 सी0 पथ का निर्माण कार्य। | 230692 | 4700 | 1000 | 45 दिन |
| 05 | 14 | पक्का कुआँ छठ तालाब चुटिया में मदन लौज से शंकर महतो के घर तक पी0 सी0 सी0 पथ का निर्माण कार्य। | 279334 | 5600 | 1000 | 45 दिन |
| 06 | 31 | सुखदेव नगर में अमित के घर से (नियर मंदिर) से गुडन के घर तक आर0 यी0 सी0 नाली एवं कलभर्ट का निर्माण कार्य। | 685209 | 13800 | 5000 | 60 दिन |
| 07 | 31 | सुखदेव नगर में कलभर्ट से गुडन के घर तक पी0 सी0 सी0 पथ का सुधार कार्य। | 248285 | 5000 | 1000 | 45 दिन |
| 08 | 31 | पाठक मुहल्ला में संजय चौरसिया के घर से ग्लोबल स्कूल तक आर0 सी0 सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 613763 | 12300 | 5000 | 60 दिन |


स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Scanned with CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | 52 | हटिया एकता नगर रोड नं0–01 में बिरेन्द्र जी के घर से नन्दन पैलेस तक आर0 सी0 सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 361700 | 7300 | 1000 | 45 दिन |

1.निविदा के साथ निम्नलिखित कागजात निम्न क्रम में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(क)
- a. परिमाण विपत्र का मूल्य (डिमाण्ड ड्राफ्ट मूल में)
- b. अग्रधन की राशि (मूल में)
- c. नगर विकास एवं आवास विभाग में निबंधन की प्रति।
- d. वैध चरित्र प्रमाण पत्र (छाया प्रतिं)
- e. G.S.T निबंधन एवं अद्यतन रिटर्न की प्रति।
- f. पैन (छाया प्रतिं)
- g. Download किया गया एन0 आई0 टी0 के साथ परिमाण विपत्र।
- h अद्यतन ITR की प्रति।

(ख) उपरोक्त क्रम में संबंधित दस्तावेज संलग्न करने के उपरान्त प्रत्येक पृष्ठ में (अग्रधन की राशि एवं डिमाण्ड ड्राफ्ट को छोड़कर) पृष्ठ संख्या अंकित कर स्वप्रमाणित (हस्ताक्षर) किया जाना आवश्यक है।

2. बिना कारण बताये निविदा या किसी विशेष कार्य को रद्द करने अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

3. **निविदा के साथ अग्रधन की राशि तीन या पांच वर्षीय राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (8वॉ निर्गम) तीन या पॉच वर्षीय सावधि पासबुक (पोस्ट ऑफिस का)/ सावधि जमा, जो नगर आयुक्त, रॉची नगर निगम, रॉची के पदनाम से प्रतिज्ञित अद्यतन (प्लेज) हो, देय होगा।**

4. परिमाण विपत्र का मूल्य (जो किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं होगा), रांची नगर निगम में डीमांड ड्राफट (प्रत्येक ग्रप के लिये अलग से) **नगर आयुक्त, रॉची नगर निगम, रॉची के नाम** से जमा करना होगा एंव परिमाण विपत्र रॉची नगर निगम के वेवसाईट **www.ranchimunicipal.com** से उपरोक्त निर्धारित तिथि के अन्दर Download किया जाना है तथा डीमांड ड्राफ्ट (प्रत्येक ग्रुप के लिये अलग से) संख्या उसमें अंकित करते हुये निविदा के साथ अलग Cover में निर्धारित तिथि को निगम में जमा करगें।

5. इस निविदा के सबंध में विस्तृत जानकारी निविदा प्रकाशन के उपरांत किसी कार्य दिवस में नगर निगम के अभियंत्रण शाखा से प्राप्त किया जा सकता है।

6. कार्य की प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र के मूल्य में परिवर्तन हो सकता है। अनुमोदित परिमाण विपत्र के अनुसार ही उक्त राशि देय होगी।

7. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा। निविदा से सबंधित विशेष शर्त परिणाम विपत्र के साथ संलग्न रहेगा जो एकरारनामा का अंग होगा।

8. पथ निर्माण विभाग, झारखंड सरकार, रॉची के संकल्प सं0 2146 (S), दिनांक 09.09.2020 के आलोक में 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा 20 प्रतिशत से अधिक below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।

9. निविदा के पूर्व स्थल का निरीक्षण संवेदक कर लें तथा स्थिति से संतुष्ट होकर ही निविदा दे। इस सबंध में किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। संवेदक को किसी प्रकार का यंत्र–सयंत्र एवं सामग्री निगम द्वारा उपलब्ध नही कराया जायेगा।

10. आवंटित कार्य का किसी भी परिस्थिति में Sub- letting मान्य नही होगा।

11. किये गये कार्य का रख रखाव 3 वर्षो तक संवेदक के द्वारा किया जायेगा। इसके लिए सुरक्षित राशि 3 वर्षो की अवधि पूरा होने के पश्चात् ही कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर विमुक्त की जायेगी तथा EMD की राशि कार्य पूर्ण होने के उपरान्त 06 माह में विमुक्त की जायेगी।

12. कार्य स्थल पर कार्य की विवरणी का सूचना पट्ट संबंधित सहायक अभियंता से प्रारुप अनुमोदित कराकर लगाना अनिवार्य होगा।

13. कार्य आवंटित किये जानें के पश्चात संवेदक अभियंत्रण शाखा में शेष अग्रधन की राशि तीन या पांच वर्षीय राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (8वॉ निर्गम) तीन या पॉच वर्षीय सावधि पासबुक जो **नगर आयुक्त, रॉची नगर निगम, रॉची के पदनाम से प्रतिज्ञित (प्लेज)** हो, एव

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
Scanned with CamScanner

सप्ताह के अन्दर जमा कर एकरारनामा करना सुनिश्चत करगें। एकरारनामा ससमय नही किये जाने पर आवंटित कार्य रदद् कर दिया जायेगा तथा भविष्य में कोई भी कार्य आवंटित नही किया जायेगा न ही कार्य आवंटन के संबंध में कोई दावा मान्य होगा।

14. संवेदक कार्य समाप्ति के पश्चात् कार्यालय को सूचित करेंगे। सूचना नही प्राप्त होने पर ऐसा समझा जायेगा की संवेदक द्वारा निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नही कराया गया है एवं समय वृद्धि किसी भी परिस्तिथि में नही दी जायेगी।

15. विगत तीन वर्षो का Civil work का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

16. सभी bidders को निविदा के समय अपना Mobile No. एवं Whatsapp No./Email ID स्पष्ट अंकित करना होगा, ताकि आवश्यक हो, तो उनसे सम्पर्क किया जा सके।

**उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन नही किये जाने पर संबंधित निविदायें अमान्य कर दी जायेगी।**

5/3/2023

**कार्यपालक अभियंता**
रांची नगर निगम, रांची।

Scanned with CamScanner